# COMMON PRE-BOARD EXAMINATION
# HINDI COURSE B –Code No. 085
# CLASS-X-(2025-26)

**SET: 2**

**Time allowed: 3 Hrs.** **Maximum Marks: 80**

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पूर्ण रूप से अनुपालन कीजिए।

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
2. इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं -खंड 'अ' और 'ब' ।
3. खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित क्रमशः 45 बहुविकल्पी/वस्तुपरक एवं अतिलघूत्तरात्मक/लघूत्तरात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
5. खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
6. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए।
7. यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

---

| Q.No | Questions | Marks |
|---|---|---|
| | **खंड - क**<br>**(अपठित बोध)** | |
| **1.** | **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए-** | |
| | राष्ट्रीयता का भाषा और साहित्य से बहुत ही घनिष्ठ संबंध है। ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि राष्ट्रीयता और जातीयता के अंगों में सबसे अधिक आवश्यक अंग एकता है और वह एकता किसी विषय विशेष में नहीं है। एकता जितनी व्यापक होगी, उतनी ही राष्ट्रीयता स्थिर होगी और वह शक्तिशाली होगी। भावों की एकता सब प्रकार की एकताओं का मूल है। भावों की एकता तभी हो सकती है, जब वे विभिन्न व्यक्ति, जिनके द्वारा राष्ट्रीयता का निर्माण होता है, अपने भावों को किसी दूसरे से व्यक्त कर सकें। इस महान कार्य के लिए एक भाषा की अत्यंत आवश्यकता है। साहित्य मानव जाति के उच्च से उच्च तथा सुंदर-से-सुंदर विचारों | |

| | | |
|---|---|---|
| | और भावों का वह गुच्छा है, जिसकी बाहरी सुंदरता तथा भीतरी सुगंध दोनों ही मन को मोह लेते हैं। कोई जाति तब तक बड़ी नहीं हो सकती, जब तक कि उसके भाव तथा विचार उन्नत न हों। जाति और राष्ट्र के उत्थान के साथ-साथ उस जाति या राष्ट्र के साहित्य की उन्नति भी होती है। इस प्रकार, साहित्य की अवनति उस जाति के पतन का अटल और अटूट प्रमाण है। भारत के इतिहास को लीजिए। महाभारत, रामायण तथा उपनिषद अवश्य ही ऐसे समय में लिखे गए थे, जब यह देश बहुत उन्नत था। यह कल्पना असंभव नहीं तो दुष्कर अवश्य है कि ऐसे ग्रंथ किसी असभ्य, बर्बर जाति के आचार्यों द्वारा लिखे गए हों। जब बौद्धों का राज्य भारत के एक छोर से दूसरे छोर तक फैल गया और उनका प्रभुत्व तथा गौरव भारतवर्ष के बाहर भी फैल गया, तो पालि-साहित्य की उन्नति भी उस साम्राज्य की उन्नति के साथ-साथ होती गई। | |
| **(क)** | गद्यांश के आधार पर बताइए कि किसी जाति द्वारा विशाल रूप ग्रहण करने के लिए क्या आवश्यक है?<br>**(i)** जाति विशेष के लोगों से संपर्क बनाना **(ii)** राष्ट्र निर्माण में सहयोगी होना<br>**(iii)** भावों और विचारों का श्रेष्ठ होना **(iv)** भावों की एकता होना | **1** |
| **(ख)** | राष्ट्रीयता में स्थिरता तथा शक्ति का समावेश कब होता है?<br>**(i)** एकता की व्यापकता से **(ii)** साहित्य की उदारता से<br>**(iii)** विचारों की भिन्नता से **(iv)** मौलिक स्वतंत्रता से। | **1** |
| **(ग)** | निम्नलिखित में से प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक होगा?<br>**(i)** साहित्य का इतिहास **(ii)** साहित्य और मानव<br>**(iii)** साहित्य एवं राष्ट्रीयता **(iv)** साहित्य का महत्त्व। | **1** |
| **(घ)** | राष्ट्रीयता और जातीयता के अवयवों में सबसे महत्वपूर्ण अवयव किसे माना जाता है और क्यों? | **2** |
| **(ङ)** | राष्ट्रीयता में स्थिरता तथा शक्ति का समावेश कब होता है? | **2** |
| **2.** | माता-पिता द्वारा प्रदत्त संस्कार जीवनभर संतान के साथ रहते हैं। वे पालक हैं, पोषक हैं, साथ ही रक्षक भी हैं। घर-परिवार की जिम्मेदारियों को कुशलता से निभाने का दायित्व उनके कंधों पर ही है। जीवन में अनुशासन रखना कठिन कार्य है, इसमें व्यक्ति को आराम नहीं मिलता। किसी को भी अनुशासित रहना अर्थात् बँधे हुए जीना पसंद नहीं आता। लेकिन सच्चाई यह है कि बिना अनुशासन के जीवन में संतुलन नहीं रह पाता और हम अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं। इस बात को पतंग के उदाहरण से समझा सकते हैं। एक उड़ती हुई पतंग आसमान पर तब तक राज करती है, जब तक वह डोर से बँधी है। कट जाने पर वह अपना | |

| | | |
|---|---|---|
| | अस्तित्व खो देती है। हमारे जीवन में अनुशासन की यह डोर माता-पिता के हाथों में रहती है। वे ही जीवन को अनुशासित करते हैं। जो बच्चे अनुशासित जीवन जीते हैं, वे आगे जाकर सफल व्यक्ति बन जाते हैं। माता भावनात्मक रूप से साथ जुड़ती है, पिता संघर्षों में ढाल बनकर उसको मज़बूती प्रदान करता है। पिता-पुत्र, पिता-पुत्री, सभी रिश्तों में गरिमा है, अनुशासन है, सामंजस्य है, प्रेम है तभी जीवन में सुख बरसता है। माता-पिता की भूमिका जीवन में उस समय और महत्वपूर्ण हो जाती है, जब आप कठिन परिस्थितियों में उचित निर्णय नहीं ले पाते। उनके मार्गदर्शन से ही जीवन की गहराइयों की समझ व्यक्ति को हो पाती है। | |
| **(क)** | निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए। दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए और उत्तर लिखिए।<br>कथन: रिश्तों की गरिमा, अनुशासन, ताल-मेल और प्रेम परिवार के लिए अपेक्षित है।<br>कारण: वही सुखी जीवन का रहस्य है।<br>**(i)** कथन और कारण दोनों गलत हैं।<br>**(ii)** कथन सही है, लेकिन कारण गलत है।<br>**(iii)** कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है।<br>**(iv)** कथन गलत है, किंतु कारण सही है। | **1** |
| **(ख)** | हमारा जीवन परिपक्व कैसे बनता है?<br>**(i)** जीवन संघर्ष से **(ii)** माता-पिता के मार्गदर्शन से<br>**(iii)** गुरु के दिशा-निर्देश से **(iv)** मित्रों के साथ रहने से | **1** |
| **(ग)** | गद्यांश में पतंग का उदाहरण किस उद्देश्य से दिया गया है?<br>**(i)** जीवन में स्वतंत्रता का महत्व दर्शाने के लिए।<br>**(ii)** जीवन में माता-पिता का महत्व दर्शाने के लिए।<br>**(iii)** पतंग की तरह आकाश-सा ऊँचा लक्ष्य पाने के लिए।<br>**(iv)** जीवन में अनुशासन का महत्व दर्शाने के लिए | **1** |
| **(घ)** | अनुशासन का जीवन में क्या महत्त्व है? कोई दो बिंदु लिखिए। | **2** |
| **(ङ)** | बच्चों की परवरिश में माता-पिता का सहयोग किस प्रकार मिलता है? | **2** |
| | **खंड - ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| **3.** | पदबंध पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: | **4×1=4** |

| | | |
|---|---|---|
| **(क)** | रवींद्रनाथ ठाकुर का जन्म बंगाल के संपन्न और सुसंस्कृत परिवार में हुआ।<br>(वाक्य में संज्ञा पदबंध छाँटकर लिखिए । ) | |
| **(ख)** | संसार के छोटे-बड़े सभी महीप उसे कर देते थे। (विशेषण पदबंध छाँटकर लिखिए) | |
| **(ग)** | घमंड ने उसका नाम-निशान तक <u>मिटा दिया था।</u><br>(रेखांकित पदबंध का कौन-सा भेद है ?) | |
| **(घ)** | <u>पीड़ितों की सहायता करने वाले आप</u> सम्मान के पात्र हैं।<br>(रेखांकित पदबंध का भेद बताइए।) | |
| **(ङ)** | पूरब से पश्चिम तक भोर की लालिमा छाई थी।<br>(क्रिया-विशेषण पदबंध छाँटकर लिखिए।) | |
| **4.** | 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: | **4×1=4** |
| **(क)** | काव्य रचना में रुचि होने के कारण उन्होंने संस्कृत काव्य-ग्रंथों का अध्ययन किया।<br>(मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए।) | |
| **(ख)** | मैं मज़े से खेलता भी रहा और दर्जे में अव्वल भी आया।<br>(सरल वाक्य में बदलिए।) | |
| **(ग)** | बिहारी ने केवल 'बिहारी सतसई' नामक एक ही ग्रंथ की रचना की है।<br>(संयुक्त वाक्य में बदलिए।) | |
| **(घ)** | मैं आगे से खूब जी लगाकर पढ़ने का इरादा करता।<br>(रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए।) | |
| **(ङ)** | संसार में अनेक राष्ट्र हैं जो अंग्रेजों का आधिपत्य स्वीकार नहीं करते।<br>(रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए।) | |
| **5.** | 'समास' पर आधारित  पर निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: | **4×1=4** |
| **(क)** | 'आत्म गौरव' सामासिक पद का विग्रह करके भेद भी लिखिए। | |
| **(ख)** | 'दाल-भात' किस समास का उदाहरण है और क्यों? | |
| **(ग)** | अव्ययीभाव समास का एक उदाहरण लिखिए। | |
| **(घ)** | तीन रंगों वाला (राष्ट्रीय ध्वज) का समस्त पद बनाकर समास के भेद का नाम लिखिए। | |
| **(ङ)** | <u>युद्ध में स्थिर रहने</u> पर ही विजय मिलती है।<br>(रेखांकित पदों की जगह उपयुक्त समस्त पद लिखकर समास का नाम भी दीजिए।) | |

| | | |
|---|---|---|
| **6.** | मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए: | **4×1=4** |
| **(क)** | रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए।<br>मोहन ने जिस दिन से यू.पी.एस.सी. की परीक्षा पास की है, उसके तो ____________________ नहीं पड़ रहे हैं। | |
| **(ख)** | 'नामो-निशान मिटा देना' मुहावरे का प्रयोग अपने वाक्य में कीजिए। | |
| **(ग)** | परीक्षा में असफल होने पर वह पहले से दुखी है तुम उसके ____________________ क्यों छिड़क रहे हो। | |
| **(घ)** | 'संयोग से सफलता मिलना' अर्थ को व्यक्त करने वाला मुहावरा लिखिए। | |
| **(ङ)** | आदमी और जो कुकर्म करे, पर अभिमान न करे। अभिमान किया और दीन-दुनिया दोनों से गया। (प्रस्तुत कथन से मुहावरा छाँटकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए।) | |
| | **खंड -ग**<br>**(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)** | |
| **7.** | निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: | **5×1=5** |
| | कई सालों से बड़े-बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेल कर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे। बेचारा समंदर लगातार सिमटता जा रहा था। पहले उसने अपनी फैली हुई टाँगें समेटीं, थोड़ा सिमटकर बैठ गया। फिर जगह कम पड़ी तो उकड़ूँ बैठ गया। फिर खड़ा हो गया... जब खड़े रहने की जगह कम पड़ी तो उसे गुस्सा आ गया। जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है। परंतु आता है तो रोकना मुश्किल हो जाता है, और यही हुआ, उसने एक रात अपनी लहरों को दौड़ाते हुए तीन जहाज़ों को उठाकर बच्चों की गेंद की तरह तीन दिशाओं में फेंक दिया। एक वर्ली के समंदर के किनारे पर आकर गिरा, दूसरा बांद्रा में कार्टर रोड के सामने औंधे मुँह और तीसरा गेट-वे-ऑफ़ इंडिया पर टूट-फूटकर सैलानियों का नज़ारा बना। बावजूद कोशिश के, वे फिर से चलने-फिरने के काबिल नहीं हो सके। | |
| **(क)** | मनुष्य ने समुद्र के साथ क्या किया?<br>**(i)** समुद्री ज़मीन पर कब्ज़ा कर लिया। **(ii)** समुद्री जीव-जंतुओं का विनाश किया।<br>**(iii)** समुद्र के सहारे व्यापार किया जाने लगा। **(iv)** समुद्री जल को पीने लायक बनाया। | |
| **(ख)** | समुद्र की सहनशीलता ने कब जवाब दे दिया?<br>**(i)** ज़बरन समेटने पर **(ii)** मानव के दुरुपयोग पर<br>**(iii)** अपना अस्तित्व ही खतरे में आने पर **(iv)** मानव द्वारा उसका पानी सुखाने पर | |

**(ग)** कॉलम-1 और कॉलम-2 को सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए

| | कॉलम 1 | | कॉलम 2 |
|---|---|---|---|
| 1 | (1) समुद्र के रौद्र रूप ने | | (i) गुस्सा कम आता है |
| 2 | (2) बड़े आदमी को | | (ii) स्वयं अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारी |
| 3 | (3) बिल्डर की हठ ने | | (iii) जहाज़ों को गेंद की तरह उछाल दिया |

**(i)** (1-iii), (2-ii), (3-i) **(ii)** (1-ii), (2-iii), (3-i)

**(iii)** (1-ii), (2-i), (3-iii) **(iv)** (1-iii), (2-i), (3-ii)

**(घ)** बड़े-बड़े बिल्डर समुद्र की ज़मीन क्यों हथिया रहे हैं?

**(i)** अपनी बढ़ती स्वार्थपरता के कारण

**(ii)** बढ़ती आबादी के लिए घर बनाने हेतु

**(iii)** समुद्र किनारे की ज़मीन सस्ती होने के कारण

**(iv)** सैलानियों के आकर्षण का केन्द्र होने के कारण

**(ङ)** कोशिश के बावजूद भी जहाज़ चलने-फिरने लायक क्यों नहीं हो सके?

**(i)** अपनी बढ़ती स्वार्थपरता के कारण **(ii)** उन्हें समुद्र में उतारना खतरनाक था।

**(iii)** उनकी मरम्मत नहीं हो पा रही थी। **(iv)**उनकी स्थिति बहुत खराब हो गई थी।

**8.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए: **3×2=6**

**(क)** अंग्रेजी भाषा पढ़ने के विषय में बड़े भाई साहब के क्या विचार थे? इस विषय में आपका क्या दृष्टिकोण है?

**(ख)** 'डायरी का एक पन्ना' पाठ में ओपन लड़ाई किसे कहा गया है? यह अपूर्व क्यों थी?

**(ग)** तताँरा की लोकप्रियता के कारण लिखिए।

**(घ)** शैलेंद्र की फिल्म की कहानी सुनकर राजकपूर ने क्या प्रतिक्रिया प्रकट की?

**9.** निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए: **5×1=5**

अब तो बहरहाल
छोटे लड़कों की घुड़सवारी से अगर यह फ़ारिग हो
तो उसके ऊपर बैठकर

| | | |
|---|---|---|
| | चिड़ियाँ ही अक्सर करती हैं गपशप<br>कभी-कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं<br>ख़ास कर गौरैयें<br>वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप<br>एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद। | |
| **(क)** | 'छोटे बच्चे उसकी घुड़सवारी कर रहे हैं' इस कथन से क्या अभिप्राय है?<br>**(i)** तोप पर छोटे-छोटे बच्चों को घुड़सवारी का आनंद मिल रहा है।<br>**(ii)** आज़ाद भारत के छोटे बच्चों ने ही तोप की शक्ति को नियंत्रित कर लिया है।<br>**(iii)** छोटे बच्चों के लिए अब तोप खिलौना मात्र है।<br>**(iv)** अब तोप कम्पनी बाग की शोभा है। | |
| **(ख)** | अब यह तोप चिड़ियों के बैठने-बतियाने का स्थान हो गया है - इसका अभिप्राय है<br>**(i)** इस तोप की अहमियत क्षीण हो गई है।<br>**(ii)** चिड़ियों को उठने-बैठने की अच्छी जगह मिल गई है।<br>**(iii)** चिड़ियाँ भी तोप से भयभीत नहीं होती हैं।<br>**(iv)** लड़के तोप से हटते हैं तो चिड़ियाँ आराम करती हैं। | |
| **(ग)** | विनाशकारी विरासत तोप की सँभाल के पीछे क्या कारण हो सकता है?<br>**(i)** स्वतंत्रता आंदोलन का हिस्सा होना।<br>**(ii)** कंपनी बाग के मुहाने की शान होना।<br>**(iii)** ईस्ट इंडिया कंपनी की विशेष तोप होना।<br>**(iv)** देश की स्वतंत्रता के लिए घातक शत्रुओं से सावधान करना। | |
| **(घ)** | कंपनी बाग के मुहाने पर रखी तोप क्या सीख देती है?<br>**(i)** तोप का अंत निश्चित है।<br>**(ii)** बच्चे और पक्षी किसी से नहीं डरते।<br>**(iii)** आततायी के आतंक का अंत निश्चित है।<br>**(iv)** शक्ति के अहंकार में दूसरों पर अत्याचार नहीं करने चाहिए।<br>**(i)** (ii) और (iv) दोनों **(ii) (**i) और (ii) दोनों<br>**(iii)** (i) और (iii) दोनों **(iv) (**iii) और (iv) दोनों | |

| | | |
|---|---|---|
| **(ङ)** | दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप<br>एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद।<br>उपर्युक्त पंक्तियों का भाव है -<br>**(i)** सामने वाले को कमजोर समझना बड़ी भूल है।<br>**(ii)** बड़ी तोप के काम करने की भी सीमा होती है।<br>**(iii)** बड़ा समझे जाने से कोई बड़ा नहीं होता।<br>**(iv)** मज़बूत शक्ति को भी एकता-शक्ति के आगे झुकना ही पड़ता है। | |
| **10.** | काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए: | **3×2=6** |
| **(क)** | 'स्याम म्हाने चाकर राखो जी' - मीराबाई ने श्रीकृष्ण की चाकरी (सेवा) करने की युक्ति का सहारा क्यों लिया? | |
| **(ख)** | पशु प्रवृत्ति मनुष्य द्वारा अपनाने योग्य है अथवा नहीं? 'मनुष्यता' कविता के आधार पर कारण सहित उत्तर दीजिए। | |
| **(ग)** | 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में - 'पल-पल परिवर्तित प्रकृति वेष' से कवि का क्या तात्पर्य है? | |
| **(घ)** | 'आत्मत्राण' कविता की प्रार्थना में क्या विशेषता है? | |
| **11.** | 'संचयन' पुस्तक पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए: | **2×3=6** |
| **(क)** | वर्तमान समाज में रिश्तों की क्या अहमियत रह गई है और क्यों? 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर लिखिए। | |
| **(ख)** | आपको अपने किन-किन विषयों के अध्यापक पसंद हैं और क्यों? 'सपनों के से दिन' पाठ के संदर्भ में लिखिए। | |
| **(ग)** | 'टोपी शुक्ला' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि क्या किसी मित्रता की कसौटी मजहब, पद-प्रतिष्ठा आदि हो सकती है। मित्रता की कौन-कौन सी कसौटियाँ हो सकती हैं? | |
| | **खंड ख**<br>**(रचनात्मक लेखन )** | |
| **12.** | निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए: | **5** |
| **(क)** | आपका पानी का मीटर खराब पड़ा है और इस कारण सही भुगतान नहीं हो पा रहा है। कार्यपालक अभियंता को इस संबंध में एक पत्र लिखिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा** | |
| **(ख)** | अपने क्षेत्र में पेड़-पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए जिलाधिकारी को एक पत्र लिखिए। | |
| **13.** | निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । | **5** |
| **(क)** | स्वालंबन<br>संकेत बिंदु - • स्वालंबन का अर्थ • आत्मविश्वास की सीढ़ी • स्वालंबी राष्ट्र का हितैषी | |
| **(ख)** | परहित सरिस धर्म नहीं भाई<br>संकेत बिंदु - • मनुष्यता की कसौटी • जीवन की सार्थकता • परोपकार से आनंद की अनुभूति | |
| **(ग)** | मेक इन इंडिया<br>संकेत बिंदु - • वस्तुओं का भारत में निर्माण • आरंभ और लक्ष्य • लाभ और क्षेत्र • उज्जवल और औद्योगिक भविष्य | |
| **14.** | निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए । | **3** |
| **(क)** | 'सोलर कुकर' बनाने वाली एक कम्पनी के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए। | |
| | **अथवा** | |
| **(ख)** | राष्ट्रीय पुस्तक मेले में पुस्तक प्रदर्शनी हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए। | |
| **15.** | निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में एक सूचना लिखिए । | **4** |
| **(क)** | आप एन. के. विद्यालय के प्रधानाचार्य हैं। दिल्ली में लगी व्यावसायिक प्रदर्शनी (ट्रेड फेयर) देखने के इच्छुक विद्यार्थियों को वहाँ ले जाने की सूचना जारी करें। | |
| | **अथवा** | |
| **(ख)** | विद्यालय में छुट्टी के दिनों में प्रातःकाल योग की अभ्यास कक्षाएँ चलने की सूचना देते हुए इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम देने हेतु सूचना पट्ट के लिए सूचना जारी करें। | |
| **16.** | **(क)** 'ईमानदारी का फल' विषय पर लघु कथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए। | **5** |
| | **अथवा** | |
| | **(ख)** जर्जर उपगामी पुल की मरम्मत हेतु लिए गए चित्र सहित, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। | |